Need to remove a toll booth on NH-18 (Ahmedabad?Indore) in Panchmahal Parliamentary Constituency, Gujarat-laid

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव (पंचमहल) : अहमदाबाद से इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर NH-47 मेरे पंचमहाल लोकसभा मतविस्तार से गुजरता है । गोधरा तालुका के वावडी गांव पर एक हाई वे टोल कलेक्शन बूथ है इसके आगे सिर्फ 36 किलोमीटर पर दूसरा है वे टोल कलेक्शन बूथ लिमखेड़ा गांव पर है । सरकार द्वारा लोकसभा में दो टोल बूथ के बीच 60 किलोमीटर का अंतर रहेगा ऐसा कहा गया है । इससे कम अंतर होने पर टोल बूथ हटा दिया जाएगा । मेरे मतविस्तार के गावों के नागरिकों द्वारा इस विषय में टोल बूथ दूर करने के लिए रूबरू विनती की है । इस टोल बूथ को दूर करने के लिए मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से आग्रहभरी विनती करता हूँ ।